# राष्ट्रीय सेवा योजना
## सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु
सिद्धार्थनगर– 272202 उ0प्र0 (भारत)
Website :www.suksn.edu.in, Email Id: nsssuk2018@gmail.com

पत्रांकः 708 /रा0से0यो0/सि0वि0वि0/2025 — दिनांक 30/05/2025

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई
सम्बद्ध सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु
सिद्धार्थनगर।

विषय– राष्ट्रीय सेवा योजना गतिविधियों के व्यापक प्रचार एवं प्रसार हेतु सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग करने संबंधी।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय युवा कार्यक्रम विभाग राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय, लखनऊ के पत्र सं0–5–20/रा0से0यो0/क्षे0नि0/लख/2025–26/2926–2998 दिनांक मई 29, 2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा निर्देशित किया गया है कि राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों के व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु समस्त कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयंसेवकों द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म (फेसबुक/Facebook,ट्विटर/Twitter एवं इंस्ट्रग्राम/Instagram इत्यादि) के उपयोग किया जाना है।

सोशल मीडिया पर अकाउंट्स क्रिएट करने के दौरान यूजर नाम में NSS (जैसे –@nsssiddharthuniversityUP) व प्रोफाइल फोटों में NSS Logo का उपयोग किया जाना है। भारत सरकार, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय तथा राष्ट्रीय सेवा योजना निदेशालय, नई दिल्ली एवं राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय, लखनऊ के विभिन्न सोशल मीडिया अकाउंटस को फॉलो/Follow, टैग/Tag, लाइक/Like तथा शेयर/Share करें।

तद्क्रम में आप सभी कार्यक्रम अधिकारियों से अनुरोध है कि माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा चलाए गये डिजिटल भारत अभियान के सफल संचालन एवं भारत सरकार, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय राष्ट्रीय सेवा योजना निदेशालय नई दिल्ली के कार्यालय द्वारा निर्देशित राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों के व्यापक प्रसार–प्रसार हेतु उपरोक्त दिशा–निर्देशो का पालन करना सुनिश्चित करें।

संलग्नक–यथोक्त।

कार्यक्रम समन्यवक
राष्ट्रीय सेवा योजना
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

पत्रांक एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सचिव, कुलपति, मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
3. वैयक्तिक सहायक, वित्त अधिकारी, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
4. सम्बन्धित पत्रावली।

कार्यक्रम समन्यवक

भारत सरकार
युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय
युवा कार्यक्रम विभाग
राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय, लखनऊ

सं0- 5-20/रा.से.यो./क्षे.नि./लख/2025-26/2926 - 2998

दिनांक: मई 29, 2025

सेवा में,

समस्त कार्यक्रम समन्वयक,
राष्ट्रीय सेवा योजना
उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड

विषय : राष्ट्रीय सेवा योजना गतिविधियों के व्यापक प्रचार एवं प्रसार हेतु सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग करने संबंधी।

महोदय/महोदया,

आपको अवगत कराना है कि माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा चलाए गये डिजिटल भारत अभियान के सफल संचालन हेतु सम्पूर्ण देश में प्रत्येक विभाग द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं। भारत सरकार, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय सेवा योजना निदेशालय, नई दिल्ली द्वारा भी सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से युवाओं के लिए संचालित किये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों एवं भारत सरकार/राज्य सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। **माननीय केंद्रीय मंत्री भारत सरकार, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, नई दिल्ली के कार्यालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु समस्त रासेयो कार्यक्रम समन्वयक, कार्यक्रमअधिकारी एवं स्वयंसेवकों द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म (फेसबुक/Facebook, ट्विटर/Twitter एवं इंस्ट्राग्राम/Instagram इत्यादि) के उपयोग हेतु निदेशित किया गया है।**

अतः उक्त के सन्दर्भ में आपसे अनुरोध है कि विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अकाउंट्स क्रिएट करते हुए **भारत सरकार, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय सेवा योजना निदेशालय, नई दिल्ली एवं राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय, लखनऊ के सोशल मीडिया अकाउंट्स को फॉलो/Follow, टैग/Tag, लाइक/like तथा शेयर/ share करें।** इसके साथ ही समस्त रासेयो कार्यक्रम अधिकारियों को निदेशित करने का कष्ट करें कि वह स्वयं भी सोशल मीडिया अकाउंट्स का प्रयोग करते हुए उक्त सोशल मीडिया अकाउंट्स को फॉलो/Follow, टैग/Tag, लाइक/like तथा शेयर/share करें एवं स्वयंसेवको को भी उपरोक्त सम्बन्ध में प्रेरित करें। जिससे युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम संचालित किये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों को युवाओं तक सोशल मिडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से पहुंचाया जा सके।

निरन्तर....2

समस्त रा.से.यो. युक्त विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों/+2 मंडलों की इकाइयों द्वारा सोशल मीडिया पर अकाउंट्स क्रिएट करने के दौरान यूजर नाम में NSS (जैसे - @nsslucknowuniversityUP) व प्रोफाइल फोटो में NSS Logo का उपयोग किया जाना है। भारत सरकार, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय तथा राष्ट्रीय सेवा योजना निदेशालय, नई दिल्ली एवं राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय, लखनऊ के विभिन्न सोशल मीडिया अकाउंट्स ।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| Twitter : | @YASMinistry | @_NSSIndia | @NSSRDUPUK | @_samardeep18 |
| Facebook: | @yasministry | @NSSGOI | @uttarpradeshnss<br>@uttarakhandnss | @samardeep.saxena |
| Instagram: | @yasministryindia | @_nssindia | @nssrdlucknow | @samardeepsaxena |

उक्त विषय को व्यक्तिगत प्राथमिकता प्रदान करें।

भवदीय

(समर दीप सक्सेना)
क्षेत्रीय निदेशक

प्रतिलिपि:-

1. निदेशक, भारत सरकार, रा.से.यो. निदेशालय, नई दिल्ली।
2. राज्य रासेयो अधिकारी, उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड।

केन्द्रीय भवन, आठवाँ तल, हाल नं0.1, सेक्टर-एच, अलीगंज, लखनऊ-226024, उत्तर प्रदेश
दूरभाष- 0522 2337066/4079533 ई-मेल-nssrclucknow@yahoo.com/nssrclucknow@gmail.com